उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 10.03.2026

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 10.03.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः– 10.03.2026**

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति 5.0 : नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर महोबा पुलिस का सशक्त जागरुकता अभियान...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में "मिशन शक्ति अभियान फेज-5" के अन्तर्गत आज दिनांक- 25.02.2026 को जनपद महोबा में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया।

"मिशन शक्ति 5.0" अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों की सक्रिय सहभागिता से महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षा संबंधी संसाधनों की जानकारी प्रदान की गई।

अभियान के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई आर्थिक सहायता योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि की जानकारी पंपलेट के माध्यम से दी गई।

महिलाओं को पुलिस विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, सीएम हेल्पलाइन-1076, स्वास्थ्य सेवा-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्पलाइन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया यह अभियान महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा, आत्मनिर्भरता की सोच और सम्मान का भाव विकसित करने की दिशा में एक सशक्त पहल है।







## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के कुशल नेतृत्व में जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष चरखारी श्री प्रवीण कुमार सिंह द्वारा थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम के उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 21/26 धारा 191(2)/ 126(2)/ 110/115(2)/ 117(2)/ 352/ 351(3)/ 324(4) बीएनएस से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त को रामनगर तिराहे के पास, कस्बा व थाना चरखारी, जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण :**

मौसम राजपूत पुत्र राजेश राजपूत, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम सिजौरा, थाना चरखारी, जनपद महोबा।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम :**

1.उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह 2.का0 महेश प्रसाद 3.का0 लोकेन्द्र सिंह



## जिलाधिकारी महोबा एवं पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु समन्वय बैठक आयोजित...।

आज दिनांक 10.03.2026 को जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार, महोबा में आगामी उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती लिखित परीक्षा–2025, जो दिनांक 14 व 15 मार्च 2026 को आयोजित की जानी है, को निर्विघ्न, सुचितापूर्वक एवं सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत समस्त सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ एक समन्वय गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी के दौरान परीक्षा की पारदर्शिता, शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा सभी सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी महोबा द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने, परीक्षार्थियों की सुविधा, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परीक्षा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, परीक्षा केन्द्रों के आसपास सतर्क निगरानी, संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अनुचित साधनों के प्रयोग अथवा कानून-व्यवस्था से सम्बन्धित स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।




